**प्रेस नोट**

**दिनाकं 24.02.2025**

**उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट की परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों का किया गया निरीक्षण**

**उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।**

आज दिनांक 24.02.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु परीक्षा केन्द्रो पर लगातार भ्रमणशील होकर लिखित परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया गया । महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्ष, सी०सी०टी०वी० कैमरों व सुरक्षा व्यवस्था आदि को चेक किया गया तथा परीक्षा केन्द्रों पर लगे मजिस्ट्रेट, उड़ानदस्ता, स्कूल के प्रधानाचार्य व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण से वार्ता कर परीक्षा को सुचारू रूप से निर्विवाद, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

महोदय द्वारा बताया गया कि उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा को कराने हेतु जनपद गोण्डा में कुल 149 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जिसमें हाई स्कूल के 49,362 परीक्षार्थी व इण्टरमीडिएट के 45,788 परीक्षार्थी परीक्षा देगे। जिसको सुचितापूर्ण, निर्विवाद, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु क्षेत्राधिकारी -05, थाना प्रभारी -17, उपनिरीक्षक- 102, हे0 कांस्टेबल -129, कांस्टेबल- 135, महिला कास्टेबल-97 की ड्यूटी लगाई गयी है, जो परीक्षा केन्द्रों व आस-पास भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि रखते हुए परीक्षा को सकुशल सम्पन्न करायेगे।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक – 24.02.2025**

## पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत पृथ्वीनाथ मंदिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था हेतु की गई तैयारियों का लिया गया जायजा। पर्व को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने, मेला व शोभायात्रा की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

आज दिनांक 24.02.2025 को पुलिस अधीक्षक गोंडा श्री विनीत जायसवाल द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत पृथ्वीनाथ मन्दिर थाना खरगूपुर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था हेतु की गई तैयारियों का जायजा लिया गया। महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने तथा मेला व शोभायात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

महोदय द्वारा बताया गया कि महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद के सभी शिवालयों का अधिकारीगण द्वारा आज ही भ्रमण कर स्थितियों का जायजा ले लें तथा स्वयं के स्तर पर समीक्षा कर लें। समस्त राजपत्रित अधिकारीगण सभी धर्मगुरूओं, आयोजको, शान्ति समीतियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग कर ले। सभी संवेदनशील जगहों पर विशेष निगरानी रखी जाये। पृथ्वीनाथ मन्दिर सहित जनपद के सभी शिवालयों में शिवारात्रि मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मंदिर पर भीड़ भाड़ रहेगी महाशिवरात्रि मेले में नदी/घाटों से दर्शनारार्थी जल लेकर जाएगें, नदी/घाटों पर बैरिकेटिंग तथा गोताखोर की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना/चौकी प्रभारियों, बीट कर्मियों को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया। गैर परम्परागत आयोजन की अनुमति न दी जाये , तथा पूर्व से निर्धारित रास्ते से ही पर्याप्त पुलिस बल के साथ शोभायात्रा निकाली जाये। सभी शिवालयों पर वर्दी व शादे वस्त्र में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाये। मिश्रित आबादी एवं संवेदनशील क्षेत्रों में QRT के साथ पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई जाये। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कॉवड़ मार्गो पर उचित दूरी पर पुलिस पिकेट/गस्त, फुट पेट्रोलिंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा यूपी 112 के वाहनों को भी आवश्यकतानुसार रूट चार्ट बना कर व्यवस्थापन करा लिया जाये। वैकल्पिक मार्गों का चिन्हीकरण करते हुए ट्रैफिक डायवर्जन व्यवस्था समय से पूर्ण कराते हुए तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। पीए सिस्टम की क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाये तथा कांवड़ के मार्गों व धार्मिक स्थलों के आस-पास पोस्टर पार्टी को सक्रिय रखा जाये। स्थानीय अभिसूचना इकाई के अधिकारियों/कर्मचारियों को सामयिक सूचना के प्रति और अधिक सतर्क कर दिया जाये तथा प्रत्येक छोटी सी छोटी सूचना को गम्भीरता से लेते हुये तत्परतापूर्वक यथोचित विधिक कार्यवाही की जाये। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्मों की मानिटरिंग की जाये तथा सतर्क दृष्टि रखी जाये। भ्रामक / आपत्तिजनक पोस्ट एवं अफवाहों का तत्काल संज्ञान लेते हुये वैधानिक कार्यवाही की जाये तथा अफवाहों का खण्डन किया जाये।

**मीडिया सेल गोण्डा।**

**<u>प्रेस नोट</u>**

**<u>दिनांक 24.02.2025</u>**

## थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मारपीट कर घायल करने के आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार,

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0- 071/2025 धारा 115(2), 352, 351(2), 324(4), 118(2) बीएनएस से सम्बन्धित नामजद अभियुक्त 01. अजय तिवारी पुत्र सूर्य प्रकाश निवासी दुर्गोडवा थाना कोतवाली देहात, जनपद गोण्डा को चुंगीनाका के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है।

## घटना का संक्षिप्त विवरण-

वादी शिवनाथ पुत्र नवल किशोर निवासी ग्राम दुरगोड़वा थाना कोतवाली देहात, जनपद गोण्डा द्वारा थाना कोतवाली देहात को सूचना दी गई कि विपक्षीगण बाऊड्रीवाल गिरा दिये थे जिसके बारे में पूछने की बात को लेकर दिनांक 18.02.2025 को विपक्षीगण गाली गुप्ता देने लगे मना करने पर धारदार हथियार, लाठी, डण्डा, मुक्का, थप्पड़ आदि से मार पीट कर घायल कर दिया, प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अभियोग में धारा 118(2)बीएनएस कि बढोत्तरी की गई थी। आज दिनांक 24.02.2025 को नामजद नामजद अभियुक्त 01. अजय तिवारी पुत्र सूर्य प्रकाश निवासी दुर्गोडवा थाना कोतवाली देहात, जनपद गोण्डा को चुंगीनाका के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## गिरफ्तार अभियुक्त-

01. अजय तिवारी पुत्र सूर्य प्रकाश निवासी दुर्गोडवा थाना कोतवाली देहात, जनपद गोण्डा।

## पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0स0- 071/2025 धारा 115(2), 352, 351(2), 324(4), 118(2) बीएनएस थाना कोतवाली देहात, जनपद गोण्डा।

## गिरफ्तारकर्ता टीम-

01. उ0नि0 विजय बहादुर यादव
02. हे0का0 राजेन्द्र यादव

**मीडिया सेल, गोण्डा।**